# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 10th



aglasem.com

Class : 10th
Subject : हिंदी
Chapter : 3
Chapter name : साना-साना हाथ जोड़ि

Q1.झिलमिलाते सितारों की रौशनी में नहाया गंतोक लेखिका को किस तरह सम्मोहित कर रहा था ?
Answer.झिलमिलाते सितारों की रौशनी में नहाये गंतोक के जादुई सौंदर्य में लेखिका मुग्ध हो गयी थी |उसकी चेतना स्थिर हो गई तथा अतींद्रियता की जादुई रौशनी खो गयी,उसको ऐसा महसूस हुआ की उसके अंदर व बाहर केवल भ्रम ही है|उसके हृदय में एक अलौकिक प्रकाश फैल गया था,इस तरह लेखिका उस रहस्यमयी सितारों की रौशनी पर सम्मोहित हो रही थी |
Page no: 29, Block name: प्रश्न अभ्यास

Q2.गंतोक को मेहनतकश बादशाहों का शहर क्यों कहा गया ?
Answer.गंतोक को मेहनतकश बादशाहों का शहर इसलिए कहा जाता है क्योंकि इस ऐतिहासिक शहर को राजा- महाराजाओं ने बहुत ही मेहनत से बनवाया था | गंतोक में रहने वाले लोग बहुत ही मेहनती होते हैं और कोई भी काम करने से पीछे नहीं हटते है | वहाँ के लोगों ने खुद ही पहाड़ों को काट-काटकर सड़कें बनायीं हैं, वहाँ की औरतें भी अपने बच्चों को पीठ पर बांध कर काम करती हैं | कुछ बच्चे भी अपनी माँ के साथ मिल कर काम कराते हैं | इसी वजह यह शहर आज भी उतना ही सुन्दर दिखता है जितना पहले था |
Page no: 29, Block name: प्रश्न अभ्यास

Q3.कभी श्वेत तो कभी रंगीन पताकाओं का फहराना किन अलग-अलग अवसरों की ओर संकेत करता है ?
Answer. श्वेत पताका शांति और रंगीन पताका अहिंसा की ओर संकेत करती है|जब  भी किसी बुद्धिष्ट की मृत्यु हो जाती है तो उसकी आत्मा की शांति के लिए शहर से दूर एक सौ आठ पताकाएं फहराई जाती है|इसी तरह जब भी कोई नया काम शुरू होता है तो उस समय रंगीन पताकाएं फहराई जाती है|उन्हें उतरा नहीं जाता वह खुद ही नष्ट हो जाती हैं |
Page no: 29, Block name: प्रश्न अभ्यास

Q4.जितेन नार्गे ने लेखिका को सिक्किम की प्रकृति,वहां की भौगोलिक स्थिति एवं जन-जीवन के बारे में क्या महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी लिखिए|
Answer. जितेन नार्गे ने लेखिका को सिक्किम की प्रकृति,वहां की भौगोलिक स्थिति एवं जन-जीवन के बारे में जानकारी देते हुए बताया की सिक्किम एक ऐतिहासिक राज्य था,यह एक अत्यंत सुन्दर स्थान है |इसकी राजधानी गंगटोक है,जिसका मूल नाम गंतोक है|पहले सिक्किम भारत से सटा हुआ एक स्वतंत्र राजवाड़ा था,लेकिन जब इसका भारत से विलय किया गया तब आर्मी के कप्तान शेखर दत्ता की कोशिश से धीरे-धीरे यहाँ टूरिज़्म की दृष्टि से विकास किया जाने लगा |यहाँ की सड़कें बनाने में ना जाने कितने लोगों की जानें गयी पर इसके बाद भी यहाँ काम तीव्र गति से चलता रहा |
यहाँ के लोग बहुत ही सीधे-साधे और परिश्रमी होते हैं |भारत का सिक्किम से विलय हो जाने से यहाँ के लोग बहुत खुश हैं |यहाँ के लोगों की आर्थिक स्थिति कुछ ठीक नहीं है |यहाँ की औरतें अपनी पीठ पर बच्चों को टाँग कर सड़क बनाने का काम करती हैं |पर यहाँ के लोग कभी अपने जीवन से उदास नहीं होते और ख़ुशी से अपना जीवन यापन करते हैं |यहाँ के लोग अपने देश से बहुत प्यार करते हैं |
Page no: 29, Block name: प्रश्न अभ्यास

Q5.लोंग स्टॉक में घूमते हुए चक्र को देखकर लेखिका को पूरे भारत की आत्मा एक सी क्यों लगी ?
Answer.लोंग स्टॉक में घूमते चक्र को देखकर लेखिका को जितेन ने बताया की जो व्यक्ति इस चक्र को घुमाता है, उसके सारे पाप नष्ट हो जाते हैं|लेखिका मन में सोचने लगती है की भारत के स्वतंत्र होने के

aglasem.com

बावजूद भी इस देश की आत्मा एक जैसे ही है|तमाम वैज्ञानिक प्रगतियों के बाद भी लोगों को अंधविश्वासों से छुटकारा नहीं मिला है |
Page no: 30, Block name: प्रश्न अभ्यास
Q6.जितेन नार्गे की गाइड की भूमिका के बारे में विचार करते हुए लिखिए की एक कुशल गाइड में क्या गुण होते है ?
Answer. जितेन नार्गे नेपाल का निवासी था|वह एक कुशल गाइड की भांति गंतोक के बारे में सभी जानकारियाँ देता है|जब लेखिका एक स्थान पर प्राकृतिक सौन्दर्य से मुग्ध हो जाती हैं तब वह उन्हें उनकी योजना के बारे में याद दिलाता और बताता है कि आगे इससे भी सुन्दर एक जगह है|वह नेपाल में घटित होने वाली खूनी घटनाओं और माओवादियों के बारे में पूरी जानकारी रखता है|जितेन एक अनुभवी ड्राइवर भी था इसी वजह से वह धुंध होने के कारण भी जीप को सही से चला कर लाया था|
Page no: 30, Block name: प्रश्न अभ्यास

Q7.इस यात्रा-वृतांत से लेखिका ने हिमालय के जिन-जिन रूपों का चित्र खींचा है,उन्हें अपने शब्दों में लिखिए |
Answer. इस यात्रा-वृतांत में लेखिका ने हिमालय को बहुत ही विराट बताया है|उन्होंने बताया है कि हिमालय कभी पेड़ो की वजह से कहीं हरा या कहीं पीला दिखायी पड़ता है|हिमालय पर धुंध की वजह से सब कुछ बादलमय नज़र आता है|हिमालय की सड़कें सकरी तथा गोल-गोल घुमावदार नज़र आती हैं|बर्फ से ढकी पहाड़ियां ऐसी लगती है कि मानो उन पर पाउडर बिखेर दिया हो|हिमालय की गोद में बसे'कटाओ'की सुंदरता स्विट्ज़रलैंड से भी अधिक है|वहां के सेवन-सिस्टर्स वॉटरफॉल को देखकर ऐसा लगता है कि मानो दूध की धारा बह रही हो|जिसे देखकर लेखिका का मन आनंद से भर गया और वह खुद को राजकुमारी के रूप में अनुभव करने लगती हैं |
Page no: 30, Block name: प्रश्न अभ्यास

Q8.प्रकृति के उस अनंत और विराट स्वरूप को देखकर लेखिका को कैसी अनुभूति होती है ?
Answer. प्रकृति के इस अंनत और विराट रुप को देखकर लेखिका उसको प्रणाम करती है|सेवन सिस्टर्स वॉटरफॉल को देखकर वह खुद को राज कुमारी के रूप में अनुभव करने लगती है|तीस्ता नदी के जल में उनकी सभी दुर्भावनाएं नष्ट होकर वह निर्मल व पवित्र हो गयी है|लेखिका को लगा की शायद ऐसी शांति व मधुर वातावरण के कारण ही ऋषि-मुनियों ने इसे तपोभूमि बनाया होगा,इसी वातावरण की वजह से वेदों की रचना यहाँ हुई और सत्य की खोज हुई होगी|'सर्वे भवन्तु सुखिन: 'का महामंत्र प्राप्त किया होगा |
Page no: 30, Block name: प्रश्न अभ्यास

Q9.प्राकृतिक सौंदर्य के अलौकिक आनंद में डूबी लेखिका को कौन-कौन से दृश्य झकझोर गए |
Answer.प्राकृतिक सौंदर्य के अलौकिक आनंद में लेखिका मुग्ध होकर खोयी हुई थी लेकिन जब लेखिका ने कुछ पहाड़ी महिलाओं को पत्थर तोड़ते देखा तो उस समय उसकी अतींद्रियता तहस-नहस हो गयी|उन्होंने कोमल शरीर वाली महिलाओं को हाथों में हथोड़े एवं पीठ पर बच्चों को झोले में लटकते हुए देखा|यह देखकर उसे वे आदिवासी युवतियां याद आ गयी जिन्हे उसने गुमला एवं पलामू के जंगलों में देखा था|इस सौंदर्य से भरी जगह में भूख,प्यास, मौत व जीवित रहने के महायुद्ध ने लेखिका को हिलाकर रख दिया |
Page no: 30, Block name: प्रश्न अभ्यास

Q10.सैलानियों को प्रकृति की अलौकिक छटा का अनुभव करवाने में किन-किन लोगों का योगदान होता है,उल्लेख करें|
Answer. नागरिक - पर्यटक जिस स्थान पर भ्रमण करता है उस स्थान के नागरिक पर्यटकों को वहां के बारे में जानकारी देते है |

गाइड - गाइड प्रत्येक जगह के बारे में अच्छा ज्ञान रखते है|इन्हे वहां के हर स्थान का सक्षम ज्ञान होता है|वे पर्यटकों को सुविधा प्रदान करवाते है तथा मनोरंजन भी करवाते है |
श्रमिक वर्ग - पर्यटक जिस स्थान पर जाते है उस स्थान पर श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है|वे उन स्थानों पर सड़को का निर्माण कर जन सामान्य को परस्पर जोड़ते है |
टूरिज़्म स्पॉट - टूरिज़्म स्पॉट भी पर्यटकों को विभिन्न जानकारियाँ व सुविधाएँ प्रदान करते है |
Page no: 30, Block name: प्रश्न अभ्यास

Q11."कितना कम लेकर ये समाज को कितना अधिक लौटा देता है |"इस कथन के आधार पर स्पष्ट करें की आम जनता की देश की आर्थिक प्रगति में क्या भूमिका है ?
Answer.आम जनता देश की आर्थिक प्रगति में बहुत बड़ा योगदान देती है|पत्थरों पर बैठकर श्रमिक महिलाये पत्थर  तोड़ती है,चाय के बागानों में महिलाएं पत्तियां तोड़ती हैं,बच्चे भी अपनी माँ के साथ काम करते हैं|मज़दूर पहाड़ों पर सड़क बनाते हैं,जिससे पर्यटकों के लिए रास्ता बन सके|क्योंकि पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने का सीधा असर देश की प्रगति पर पड़ेगा यदि ये आम जनता न हो तो देश की प्रगति होना मुश्किल होगा |
Page no: 30, Block name: प्रश्न अभ्यास

Q12.आज की पीढ़ी द्वारा प्रकृति के साथ किस तरह का खिलवाड़ किया जा रहा है|इसे रोकने में आपकी क्या भूमिका होनी चाहिए ?
Answer. आज की पीढ़ी प्रकृति के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ कर रही है|पेड़ो को बहुत ही तेजी से काटा जा रहा है, और उनको काटकर बिल्डिंग और घर बनाये जा रहे हैं|हमारे देश की पवित्र नदियों में कूड़ा डाला जा रहा है और उनमें फ़ैक्टरियों और पूरे शहर का गन्दा पानी भी गिराया जा रहा है|हमारे वातावरण में इतना प्रदूषण हो गया है कि इसकी वजह से ग्लेशियर भी पिघलने लगे है|समुद्रों और महासागरों में गंदगी बढ़ने की वजह से मछलियों की संख्या भी कम होती जा रही है |
हम सबको इस समस्या का समाधान मिलकर निकलना होगा|हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने होंगे,जितना हो सके उतना वाहनों का इस्तेमाल कम करना होगा ताकि वातावरण में प्रदूषण कम हो सके|नदियों में गन्दा पानी गिरने से रोकना होगा और उनकी सफाई करनी होगी और जितना हो सके इसके बारे में जागरूकता फैलानी होगी |
Page no: 30, Block name: प्रश्न अभ्यास

Q13.प्रदूषण के कारण स्नोफॉल की कमी का ज़िक्र किया गया है|प्रदूषण के और कौन-कौन से दुष्परिणाम सामने आये है,लिखिए |
Answer. लेखिका को एक सिक्किमी युवक ने बताया था की प्रदूषण की वजह से स्नोफॉल कम हो गया है,और बर्फ सिर्फ कटाओ में ही देखने को मिलती है|प्रदूषण के कारण हवा में ऑक्सीजन की कमी हो रही हैं और महानगर जैसे की दिल्ली जैसी जगहों में लोगों को साँस लेने में तकलीफ़ होने लगी है|प्रदूषण की वजह से मौसम में गर्मी बढ़ने लगी है और सालों से जमे ग्लेशियर अब पिघलने लगे है|बारिश में कमी हो रही है जिसकी वजह नदियों में पानी कम होने लगा है|प्रदूषण की वजह से बहुत सारी बीमारियाँ भी होने लगी है जैसे की अस्थमा,त्वचा का कैंसर,रक्तचाप आदि |
Page no: 30, Block name: प्रश्न अभ्यास

Q14.'कटाओ'पर किसी दुकान का न होना उसके लिए वरदान है|इस कथन पर अपनी राय व्यक्त कीजिये |
Answer. कटाओ को भारत का स्विट्ज़रलैंड बोला जाता है,और कहा जाता है की यह उससे भी ज्यादा सुन्दर है | कटाओ अभी एक पर्यटक स्थल नहीं बना है इसलिए वहां कोई दुकानें नहीं है|वहां ज्यादा लोग आते जाते नहीं है इसीलिए वहां गंदगी और प्रदूषण बिलकुल भी नहीं है|अगर वहां दुकानें बन गयी तो वहां व्यवसाय शुरू हो जाएगा, पर्यटकों की संख्या बढ़ने लगेगी और वहां गाड़ियों का आना जाना भी शुरू हो

aglasem.com

जाएगा जिसकी वजह से गंदगी और प्रदूषण दोनों होने लगेगा इसलिए दुकानों का ना होना वहां के लिए वरदान है |
Page no: 30, Block name: प्रश्न अभ्यास

Q15.प्रकृति ने जल संचय की व्यवस्था किस प्रकार की है ?
Answer. प्रकृति ने जल संचय की बहुत ही अद्‌भुत व्यवस्था की है|सर्दियों में जल बर्फ बनकर पहाड़ों पर जम जाता है और जब गर्मियों में पानी की कमी पड़ती है तब यही बर्फ पिघल कर जल धारा के रूप में नदियों को जल से भर देती हैं जिसकी वजह से कई लोगों की प्यास बुझती हैं |
Page no: 30, Block name: प्रश्न अभ्यास

Q16.देश की सीमा पर बैठे फ़ौजी किस तरह की कठिनाइयों से जूझते हैं ? उनके प्रति हमारा क्या उत्तरदायित्व होना चाहिए ?
Answer. देश की सीमा पर बैठे फ़ौजी ऐसी कठिनाइयों से जूझते है जिसे आम आदमी नहीं झेल सकता है|चाहे कितनी भी ठंड हो या जितनी भी गर्मी फ़ौजी अपना स्थान कभी नहीं छोड़ता और हमेशा पहरा देकर हमारी रक्षा करता है ताकि हम चैन की नींद सो सकें|वह हर कठिनाई का सामना डट कर करते हैं और अपनी जान की परवाह किये बिना हमारी रक्षा करते हैं |
उनके प्रति हमारा दायित्व है की हम उनका हमेशा सम्मान करे,उनके लिए हमेशा दुआ करे के वो सही सलामत रहे|हमें उनके परिवारों को भी सम्मान और प्यार देना चाहिए और उनके साथ हमेशा सहानुभूति रखनी चाहिए |
Page no: 30, Block name: प्रश्न अभ्यास

aglasem.com